तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता में रतनपुर…





12 गौरी गौरा महोत्सव में सनातन संस्कृति …




## खबर संक्षेप

### पड़ोसी की मारपीट से महिला घायल

**कांकेर।** थाने में शिकायत करने पहुँची पटौद आवासपारा निवासी 50 वर्षीय रमेश्वरी कुलदीप पति सतउ राम कुलदीप ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदूरी का काम करती हूं। उसने बताया कि 22 अक्टूबर की रात करीबन साढ़े 10 बजे घर आंगन में अपने पति के साथ बैठी थी। उसी समय पड़ोस में रहने वाला धनराज सलाम घर में घुसकर गाली देने लगा। मैंने गाली देने से मना किया, इस पर गुस्से में आकर पत्थर से हमला बोला और उसके बाद हाथ पकड़कर मरोड़ दिया, जिससे दाहिने हाथ में चोट आई है। मेरे पति बीच बचान नहीं करते, तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बुलावंड में रात को दो जुआरी पकड़ाए

**कांकेर।** अंतागढ़ पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिलने पर 23 अक्टूबर की रात को 1 बजकर 10 मिनट पर बताए गए स्थल बुलावंड में खेत भर्री के पास छापा मारा गया। पुलिस को देख अंधेरा उठाकर कई जुआरी भाग गए। मौके पर दो जुआरी मलेश कुमार जैन पिता भीम सिंह जैन उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम बुलावंड और रामेश्वर जैन पिता मोहन जैन उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम बुलावंड को दबोचा। पूछताछ करने पर एक छिटदार रंग की चटाई में फड़ लगाकर ग्राम बुलावंड खेत भर्री में टॉर्च की रोशनी में जुआं खेलना स्वीकार किया। दोनों जुआरियों के पास से 770 रुपए, ताश के 52 पत्ते, एक नग छिटदार रंग की चटाई को विधिवत गवाहों के समक्ष मुताबिक जब्ती पत्रक के जब्त किया गया।

**सफलता :** नियद निल्लार योजना से ईमानदारी से इन इलाकों में करने होंगे विकास कार्य

# नक्सल इलाके के 9 थानों में 22 दिनों में अपराध का आंकड़ा शून्य, संवेदनशील इलाकों में छायी खामोशी

विजय कुमार पाण्डेय ▶▶| कांकेर

**खास बातें**

- अंदरूनी इलाके विकास कार्य से कोसों दूर सरकार को आगे आना होगा
- अंतागढ़, कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल में नियमों को ताक में रखकर देनी होगी आमजनता को सुविधाए

जिले के नक्सल प्रभाव वाले 9 थाना क्षेत्रों में पिछले 22 दिनों से एक भी आपराधिक घटना दर्ज नहीं की गई है। यह उपलब्धि न केवल जिला पुलिस प्रशासन के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह उस बदलते हुए माहौल की गवाही भी है जिसमें भय की जगह अब विश्वास ने ले लिया है। पिछले वर्षों में जहां नक्सल घटनाएं और हत्या जैसी वारदातें आए दिन सुर्खियों में रहती थीं, वहीं अब 22 दिनों की यह पूर्ण शांति जिले के इतिहास में एक नई कहानी लिख रही है।

जानकारी के अनुसार जिले के यह थाने कई पुराने है, वहीं कई थाने नक्सल के दृष्टिकोण से विगत 15 वर्षो में खोले गए। ग्रह मंत्री के अल्टीमेटम के उपरांत पुलिस के द्वारा चलाए गए आपरेशन के बाद नक्सल ईलाकों के थाने के प्रभावित ग्राम में अपराध का आंकड़ा 22 दिनों से शून्य है। गांव में किसी भी तरह का कोई अपराध नहीं हो रहा है। जिले के 09 थाने बड़गांव, ताड़ोकी, लोहत्तर, सिकसोड़, कोड़ेकुर्से, रावघाट, छोटेबेठिया, गोंडाहुर, सरोना के अलावा एससी एवं एसटी एक्ट थाना क्षेत्र में खामोशी छायी हुई है। 1 अक्टूबर से लेकर 22 अक्टूबर तक किसी भी तरह की बड़ी या छोटी आपराधिक घटना की रिपोर्ट नहीं हुई। यह आंकड़ा अपने आप में अद्भुत है क्योंकि ये क्षेत्र लंबे समय से नक्सली गतिविधियों के लिए चर्चित रहे हैं। यहां आए दिन नक्सलियों द्वारा सड़क निर्माण रोकने, विस्फोटक लगाने या ग्रामीणों को धमकाने या पंपलेट व पोस्टर फेंकने की घटनाएं सामने आती रही हैं। सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ नक्सल गतिविधियों में उल्लेखनीय कमी आई है। सुरक्षा बलों ने कई इलाकों में सड़क निर्माण को सुरक्षा कवच प्रदान किया है। इससे न केवल यातायात सुगम हुआ है, आमजनता का फोर्स पर विश्वास भी बढ़ा है।






### अपराध नियंत्रण की सच्ची तस्वीर

कांकेर जिले के आनलाइन एफआईआर के आंकड़ों का 23 अक्टूबर को दोपहर के 12 बजे अध्ययन हरिभूमि ने किया तो यह देखने को मिला कि जिले के 21 थानों में से लगभग संवेदनशील इलाके के 09 थाने और एससी एवं एसटी एक्ट का एक थाना में 22 दिनों में दर्ज कुल अपराधों की संख्या शून्य है। इसमें हत्या, लूट, डकैती, अपहरण, नक्सल गतिविधि, सड़क दुर्घटना, चोरी, महिला अपराध या साइबर अपराध जैसे कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं किए गए। इससे यह लग रहा है कि यह अपराध नियंत्रण की सच्ची तस्वीर है।

### शून्य अपराध, असीम संभावनाएं

जिले के नक्सल प्रभावित इलाको में 22 दिनों से शून्य अपराध का यह रिकार्ड यह साबित करता है कि जब पुलिस प्रशासन, जनता और शासन मिलकर आगे बढ़ते है, तब किसी भी क्षेत्र को हिंसा और भय से मुक्त किया जा सकता है। अब उम्मीद है कि यह शांति सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आने वाले महीनों में कांकेर जिले के गांव, जंगल और शहर एक नए युग की शुरूआत करेंगे, जहाँ नक्सलवाद नहीं, वहाँ विकास की आवाज गूंजेगी।

### जनता का पुलिस पर बढ़ा है विश्वास

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला से इस विषय पर हरिभूमि ने बात किया तो उनका कहना है कि इस शांति को कायम रखना सबसे बड़ी चुनौती होगी, इसके लिए अब इन इलाको में स्मार्ट पेट्रोलिंग सिस्टम और रात्रि सुरक्षा संवाद शुरू किया जाएगा। हम चाहते है कि अपराध का आंकड़ा शून्य रहना सिर्फ 22 दिनों तक सीमित न रहे, बल्कि यह आदत बन जाए, ऐसा कांकेर पुलिस का प्रयास होगा। जनता का पुलिस पर लगातार विश्वास बढ़ता जा रहा है और उसी का परिणाम है कि आंकड़ा इन 22 दिनों में शून्य है।

### ग्रामीणों की उम्मीदें, प्रशासन को देना होगा ध्यान

शून्य अपराध वाले थाना इलाकों के ग्रामीणों से मोबाइल के माध्यम से हरिभूमि ने ग्रामीणों से बात किया तो उनका कहना था कि प्रशासन को शिक्षा और रोजगार क्षेत्र में काम करना चाहिए। गांव के युवाओं को रोजगार मिलेगा, तब अपराध व नक्सलवाद दोनो खुद ब खुद समाप्त हो जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि स्थयी शांति के लिए अभी और मेहनत करनी होगी। नक्सल विचारधारा का जड़ से उन्मूलन तभी संभव है, जब सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सुधार समानांतर चलें। उस इलाके में काम करने वाले अधिकारी भ्रष्टाचार से पूरी तरह से दूर रहे, अन्यथा उनको नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

## स्वच्छता दीदियां समाज की सच्ची कर्मवीर समर्पण व मेहनत काबिले तारीफ : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नपा में पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार मना भाईदूज

नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में स्वच्छता दीदियों एवं स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा भाईदूज का पावन पर्व अत्यंत उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। इस आत्मीय कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल हुए, जिन्होंने स्वच्छता दीदियों से टीका लगवाकर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त किया।

नगरपालिका के सभाकक्ष में भाई दूज पर 23 अक्टूबर को विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद विकास अंभोरे पार्षद नरेंद्र साहू, मत्स्य कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव लोचन सिंह को स्वच्छता दीदियों ने पारंपरिक ढंग से तिलक लगाकर, आरती उतारकर और श्रीफल भेंट कर सभी अतिथियों को भाईदूज की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि स्वच्छता दीदियां शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और वे समाज के सच्चे कर्मवीर हैं। उन्होंने दीदियों के समर्पण और मेहनत की सराहना किया। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल पर्व मनाने का माध्यम है, बल्कि यह दर्शाता है कि नगर पालिका परिवार में एक-दूसरे के प्रति कितना स्नेह और सम्मान ▶▶| शेष पेज 10 पर



### स्वच्छता दीदियों का माना आभार

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने स्वच्छता दीदियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें नेग भी भेंट किए। दीदियों ने भी सभी अतिथियों का सम्मान पाकर खुशी जाहिर किया। इस आयोजन के लिए नगर पालिका प्रशासन का धन्यवाद किया एवं नगर को स्वच्छ बनाए रखने का वादा भी किया। यह कार्यक्रम नगर पालिका परिवार और शहर के जनप्रतिनिधियों के बीच आत्मीय संबंधों को और मजबूत करने का एक सुंदर उदाहरण बन गया।

## दुर्गूकोंदल में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल





- अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज

हानपतरी मार्ग पर मेन रोड पुल के पास 22 अक्टूबर की शाम को एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। खबर मिलते ही मृतक के परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार गिरधारी बघेल पिता कुंभकरण बघेल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम हानपतरी ने थाना दुर्गूकोंदल में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके छोटे भाई भोजेन्द्र कुमार बघेल की एक अज्ञात वाहन चालक की लापरवाही से सड़क हादसे में मृत्यु हो गई। घटना 22 अक्टूबर 2025 की शाम लगभग 6 बजकर 20 मिनट के आसपास की है। शिकायतकर्ता के अनुसार मृतक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 05 आर 6268 से दुर्गूकोंदल से अपने गांव हानपतरी की ओर लौट रहा था। उसी दौरान हानपतरी से दुर्गूकोंदल की ओर तेज ▶▶| शेष पेज 10 पर

### पुलिस ने शुरू की विवेचना

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है ।पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर सबूत एकत्र किए हैं और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है, ताकि हादसे के जिम्मेदार वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

## सहकारी समिति कर्मचारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर संघ अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही/सरोन

- चार सूत्रीय मांगों को लेकर आज देंगे ज्ञापन
- 3 नवम्बर से शुरू होगा आंदोलन

सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ कांकेर ने चार सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर 24 अक्टूबर को ज्ञापन देंगे। माँग पूरी नहीं होने पर 3 नवम्बर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने की घोषणा किया है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ कांकेर के जिलाध्यक्ष भूपत सिंहा, सचिव दीपक जयते, मीडिया प्रभारी इंद्रभान साहू एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के उपाध्यक्ष अरविंद भारती ने बताया कि प्रदेश की 2058 सहकारी समितियाँ किसानों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाने में सेतु का कार्य कर रही हैं, परंतु शासन की उदासीनता के चलते समिति कर्मचारियों और ऑपरेटरों को वर्षों से आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान 2739 उपार्जन केंद्रों से समय पर धान परिवहन नहीं हो पाने के कारण मार्कफेड रायपुर द्वारा सुखद राशि, सुरक्षा व्यय और कमीशन की रकम काटकर भुगतान किया जाता है, जिससे समितियों को भारी नुकसान होता है। आंदोलनकारियों ने याद दिलाया कि नवंबर 2024 में आंदोलन के दौरान मुख्यमंत्री के निर्देश पर कोर कमेटी बैठक भी हुई थी, परंतु उसमें लिए गए निर्णयों का अब तक पालन नहीं हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि 12 दिसंबर 2024 को खाद्य विभाग द्वारा वित्त विभाग को सुखद राशि प्रदाय के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन उस ▶▶| शेष पेज 10 पर




### दोनों संघ की प्रमुख मांगें

समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सुखद राशि समितियों को दी जाए, परिवहन पश्चात शेष राशि भी समिति को मिले। धान खरीदी नीति 2024-25 की कंडिका 11.3.3 में वर्णित आउटसोर्सिंग द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति की व्यवस्था रद्द कर विभागीय नियुक्ति और नियमितिकरण किया जाए। प्रदेश की 2058 समितियों के कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष 3-3 लाख रुपएं प्रबंधकीय अनुदान राशि दी जाए। जैसा कि मध्यप्रदेश सरकार करती है। कांडे कमेटी रिपोर्ट लागू करते हुए भविष्य निधि, महंगाई भत्ता, ईएसआईसी सुविधा, बोनस अंक और बैंक केडर में 50 प्रतिशत आंतरिक भर्ती की व्यवस्था की जाए।

### शासन से समाधान की अपेक्षा

संघ ने स्पष्ट किया कि यदि शासन द्वारा मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो 3 नवम्बर 2025, मंगलवार से छत्तीसगढ़ कैबिनेट के निर्णय तक आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। संघ ने कहा कि यह आंदोलन लगभग 15,000 सहकारी समिति कर्मचारियों और 2739 उपार्जन केंद्रों के कंप्यूटर ऑपरेटरों के भविष्य और आजीविका से जुड़ा है। उन्होंने शासन से आग्रह किया है कि लंबित चार सूत्रीय मांगों को कैबिनेट की अगली बैठक में स्वीकृति प्रदान कर समाधान किया जाए।

### दीपावली पर्व पर मां काली की स्थापना और हुआ पूजन

**दुर्गूकोंदल।** दीपावली पर्व के अवसर पर दुर्गूकोंदल में बाजारपारा निवासी मीना डे के निवास पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 20 अक्टूबर की रात्रि को श्रद्धा और भक्तिभाव से मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई। पूजा के दौरान दिनभर भक्तजन मां काली के दर्शन के लिए आते रहे। ग्रामीणों ने सुबह और शाम दोनों समय माता की आरती में भाग लेकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। अगले दिन बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।



## सवारी बस से मोटर सायकल टकराई, सवार बाल बाल बचे

**कांकेर।** अन्नपूर्णापारा में सवारी बस से मोटर सायकल आमने सामने टकरा गई। जिसमें मोटर सायकल में सवार युवक घायल हो गए, जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया गया। शिकायत पर आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

थाना कांकेर शिकायत करने पहुँचे खमढोगड़ी निवासी 20 वर्षीय रामजी नेताम ने पुलिस को बताया मैं रोजी मजदूरी का काम करता हूँ और 22 अक्टूबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बी क्यू 9647 में ▶▶| शेष पेज 10 पर




भाई व बहन में दिखा प्रेम, यमराज और यमुना की पूजा अर्चना की

# भाई दूज पर बहनों ने भाइयों को तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



दीपावली के समापन के साथ ही भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक पर्व भाईदूज ने कांकेर जिले को भक्ति, स्नेह और अपनत्व के रंग में रंग दिया। सुबह से ही घर-घर में पूजा की तैयारियां शुरू हो गईं। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी और उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर स्नेह का बंधन और मजबूत किया। दीपावली पर्व के पांचवें दिन 23 अक्टूबर की सुबह जैसे ही सूरज की पहली किरण फूटी, वैसे ही कांकेर शहर, नरहरपुर, दुर्गकोंदल, भानुप्रतापपुर, चारामा, कोयलीबेड़ा और अंतागढ़ क्षेत्र में त्योहार की रौनक बिखर गई। बहनों ने स्नान कर पारंपरिक वेशभूषा धारण करते हुए भगवान यमराज व यमुना की पूजा कर अपने भाइयों के दीर्घ जीवन की कामना किया। घर-घर में सुगंधित धूप की खुशबू, पकवानों की महक और स्नेह से भरे गीतों की मधुर ध्वनि गूंजती रही। कांकेर निवासी सुनीता ने बताया कि भाईदूज हमारे लिए भावनाओं का त्योहार है। हर साल मैं अपने भाई को तिलक करती हूं और उसके जीवन में सुख-शांति की दुआ मांगती हूं। आज का दिन हम दोनों के बचपन की यादें ताजा कर देता है।

### परंपरा और आधुनिकता का संगम

जिले के शहरी इलाकों में जहां मोबाइल और ऑनलाइन उपहार भेजने का चलन बढ़ा है, वहीं ग्रामीण अंचलों में आज भी भाईदूज की रस्में पूरी पारंपरिक रीति से निभाई जाती हैं। बहनें अपने भाइयों को घर बुलाती हैं, तिलक करती हैं और घर के बने व्यंजन खिलाती हैं। नरहरपुर क्षेत्र सरोना निवासी यामिनी ने बताया कि उन्होंने अपने भाई के लिए फरा और अरीसा जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाए। उन्होंने कहा त्योहार तभी सच्चा लगता है जब घर की बनी चीजें और परिवार का साथ हो।

### स्नेह का उत्सव, रिश्तों का नवजीवन

त्योहार के दौरान शहर के कई मोहल्लों में छोटे बच्चों में भी जबरदस्त उत्साह दिखा। नन्ही बहनों ने अपने छोटे भाइयों को तिलक कर चॉकलेट और खिलौने भेंट किए। परिवारों में हंसी-खुशी का माहौल बना रहा। कांकेर निवासी व्यापारी सचिन गिडलानी ने कहा भाईदूज रिश्तों में नई ऊर्जा भर देता है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि पारिवारिक रिश्ते ही जीवन की सच्ची पूंजी हैं।

## बीएसएफ के जवानों ने दिखाई मानवीय संवेदना, घायलों की किया तत्काल मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- सड़क हादसे में घायलों को इलाज कर भेजा अस्पताल

दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अंतागढ़ बाजार की ओर जा रहे थे, तभी उनके सामने अचानक एक आवारा पशु सड़क पर आ गया। जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई। इस घटना में घायल दोनो युवकों को बीएसएफ की मदद से तत्काल इलाज मिल सका। जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे के आसपास दो व्यक्ति मोटर सायकल से अंतागढ़ बाजार की ओर जा रहे थे, तभी अवारा पशु से टकराने पर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। यह घटना बीएसएफ के 129 वीं कंपनी की सीओबी एटाबालका के पास हुई। कंपनी कमांडर ने तुरंत अपनी टीम के साथ नर्सिंग असिस्टेंट और सुरक्षा पेट्रोल दल को वाहन सहित घटनास्थल पर रवाना किया। बीएसएफ टीम ने मौके पर पहुँचकर घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया। चोट की गंभीरता को देखते हुए ▶▶| शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

## बानगांव व पर्रेबानगांव में सीसी रोड का विधायक ने किया भूमिपूजन



**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम बानगांव एवं पर्रेबानगांव में स्वीकृत सीसी सड़क निर्माण कार्यों का विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गुरुवार को भूमिपूजन केशकाल विधानसभा के विधायक नीलकंठ टेकाम ने किया। निर्माण पूर्ण होने के बाद ग्रामीण अंचल में बेहतर आवागमन, कृषि उपज के परिवहन में सहूलियत, शैक्षणिक व आंगनबाड़ी संस्थानों तक सुगम पहुँच होगी। बरसात के मौसम में होने वाली कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। विधायक टेकाम ने क्षेत्र में भूमिपूजन के साथ साथ मंदिरों में दर्शन कर जीर्णोद्धार हेतु आश्वासन दिए। इस दौरान जनपद सदस्य श्रीमती लीलावती नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित तीन प्रकरणों में मृतकों के वारिसों को कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिले के विभिन्न ग्रामों में प्राकृतिक कारणों से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी ग्राम सिवनी तहसील माकड़ी निवासी बनती की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उसके भाई सोनिया, सोनसाय, कीर्तन एवं बहन खेमबती को 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी गई। ग्राम हत्दा तहसील बड़ेराजपुर निवासी प्रभुलाल मरकाम की सर्पदंश से मृत्यु पर उसकी पत्नी रमुला मरकाम को 4 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई। ग्राम छोटे सलना तहसील माकड़ी निवासी दीपक की बिजली गिरने पानी गाज से मृत्यु होने पर उसकी माता सुकली को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत राशि को शीघ्रता से वारिसों के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर राहत मिल सके। इन प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत होने से मृतकों के परिजनों को आर्थिक रूप से राहत मिली है। कलेक्टर ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## अजा वर्ग के भृत्य को प्राचार्य ने बेदम पीटा

**बकावंड।** बकावंड ब्लाक के राजनगर निवासी शाउमावि जैबेल में भृत्य पद पर कार्यरत नीलम भारती के साथ पिछले दिनों स्कूल के प्रिंसिपल लेखराज हिरवानी ने स्कूल में लात-घूसों से मारपीट कर जाति सूचक गाली गलौज करते हुए दुबारा स्कूल आने पर मारने की धमकी दी। अजाक थाना में आवेदन देकर भृत्य ने कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन पत्र में भृत्य ने कहा है कि 4-5 दिनों तक अवकाश में रहने के बाद प्राचार्य 14 अक्टूबर को स्कूल आए थे। उन्होंने मुझे बुलाया।

# बच्चों ने मनाया दीपोत्सव, दिया संस्कृति और परंपरा संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में दीपोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर ज्ञान, संस्कृति और परंपरा के संगम से आलोकित हो उठा। नन्हे–मुन्ने बच्चों ने अपनी सृजनशीलता और उत्साह से पूरे वातावरण को रंगीन बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से सुंदर रंगोलियाँ बनाई। साथ ही तोरण और वंदनवार से विद्यालय को सजाया गया। कक्षा–कक्षों में दीए जलाकर बच्चों ने यह संदेश दिया कि विद्यालय सदा ज्ञान की रोशनी से आलोकित रहे। स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देते हुए मिट्टी के दीए जलाए गए। प्रधान पाठक मधु तिवारी और

**प्राकृतिक फूलों व पत्तियों से बनाई आकर्षक रंगोली**





शिक्षिका सरिता शोरी के मार्गदर्शन में बच्चों ने रंग–बिरंगे परिधानों में सजे हुए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने दीपावली के धार्मिक और सामाजिक महत्व को उजागर किया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और बच्चों को पटाखों से दूर रहते हुए सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल दिवाली मनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने रंगोली और दीपों के माध्यम से प्र–ति संरक्षण और परंपरा के प्रति सम्मान का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मकता से दीपोत्सव को यादगार बना दिया। विद्यालय परिसर में पूरे दिन आनंद, उल्लास और संस्कृति की उज्ज्वल छटा बिखरी रही।

**बैठक :** एग्रीस्टैक, पीएम सूर्य घर, पीएम किसान जैसी योजनाओं की समीक्षा

# धान खरीदी व राज्योत्सव की तैयारी करें स्कूलों में डिजिटल शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को आयोजित समय–सीमा की बैठक में आगामी धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 नवंबर से प्रारंभ होने वाली धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर पूर्ण कर ली जाएँ। कलेक्टर ने कहा कि बाहरी जिलों से धान की अवैध आवक पर कड़ी निगरानी रखी जाए और फील्ड स्तर पर नियंत्रण दल सक्रिय रहें।

- कलेक्टर ने ली समय–सीमा की बैठक

बैठक में कलेक्टर ने आगामी राज्योत्सव के गरिमामयी आयोजन को लेकर अधिकारियों को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी सौंपी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें, ताकि कार्यक्रम जिले की संस्कृति और उपलब्धियों का भव्य प्रदर्शन बने। कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत लंबित ऋण स्वीकृत प्रकरणों का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए। कृषि विभाग को निर्देशित किया गया कि छूटे हुए हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ जल्द से जल्द दिलाया जाए और आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण किया जाए।



कलेक्टर ने कहा कि पीएम ई–विद्या पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही शत–प्रतिशत बच्चों के अपार आईडी निर्माण के लिए सभी बीईओ को सख्त निर्देश दिए गए।

### *निःक्षय मित्रों की संख्या बढ़ाएं*

*कलेक्टर ने आयुष्मान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने और पंजीकृत नर्सिंग होम्स का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को निःशुल्क इलाज की व्यवस्था का पूर्ण लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निःक्षय मित्रें की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

# कलेक्टर पहुंची विकास नगर स्टेडियम, देखीं तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर आगामी राज्योत्सव के जिला स्तरीय आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर चल रहे कार्योंर् का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को समय पर सभी व्यवस्थाएँ पूरी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य मंच, बैठक व्यवस्था, अतिथियों के लिए पेयजल, चिकित्सा, विद्युत और स्वच्छता से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। राज्योत्सव में लगाए जाने वाले विभागीय प्रदर्शनी स्टॉलों की तैयारी की जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विभाग अपनी योजनाओं एवं उपलब्धियों को आकर्षक और जानकारीपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करे ताकि लोगों को योजनाओं की जानकारी मिल सके।

- राज्योत्सव के लिए की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा

### अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियाँ

कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को राज्योत्सव के सफल आयोजन के लिए सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अवसर जिले की संस्कृति, उपलब्धियों और विकास कार्योंर् को प्रदर्शित करने का है, इसलिए सभी तैयारियाँ उच्च स्तर की हों। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल, एसडीएम अजय उरांव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक, 3 लोगों को काटा जिला अस्पताल रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

बहीगांव क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। बुधवार को एक ही दिन में तीन अलग-अलग गांवों के चार लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया, जिनमें दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। घायलों में मस्सुकोकोडा के तातूराम, रावबेड़ा की आलमति पति घसिया, बहीगांव के श्यामलाल पवार और आंगनबाड़ी सहायिका जमुना नाग शामिल हैं। सभी को फरसगांव अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। इस घटना के बाद क्षेत्र के ग्रामीण डरे हुए हैं और घरों से निकलने में हिचकिचा रहे हैं। वे अपने बच्चों को भी घरों से बाहर नहीं जाने दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि कहीं आवारा कुत्ते उन्हें काट न लें।

# मां काली की प्रतिमा का किया विसर्जन



**फरसगांव।** नगर ने बंग समुदाय द्वारा काली मंदिर परिसर के साथ घरों में मां काली की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। जहां बंग समुदाय ने हर दिन सुबह शाम पूजा अर्चना करते थे। बुधवार को काली पूजा को संपन्न करने के बाद दोपहर में नगर में स्थापित काली मां की प्रतिमाओं का बड़े ही धूमधाम के साथ रंग गुलाल और आतिशबाजी के साथ नगर के तालाब में विसर्जन धूमधाम से किया गया।

## केरावाही ने पैंसरा को हरा खिताब पर किया कब्जा

**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम पाटला में पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका समापन बुधवार को गोवर्धन पूजा के दिन मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती लीलावती नेताम, ग्राम चिचाडी सरपंच मंजू नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति पुरस्कार वितरण कर किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच केरावाही और पैंसरा टीम के मध्य खेला गया। जिसमें केरावाही की टीम ने जीता हासिल की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर केरावाही, दूसरे स्थान पर पैंसरा,तीसरे स्थान पर कोकड़ी और चौथे स्थान पर पाटला की टीम रही। सभी को



पुरस्कार के रूप में नकद राशि प्रदान किया गया। वही गांव में महिलाओं और युवती के बीच रास्ता खींच प्रतियोगिता का आयोजन किए गया। जिसके युवतियों की टीम ने जीत हासिल की उन्हें भी पुरस्कर दिया गया।

# बहनों ने भाइयों को तिलक लगा कर की लंबी उम्र की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

दीपावली के पांच पर्वों की लड़ी में शामिल भाई दूज का पर्व गुरुवार को क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस दिन सुबह ही घरों में इस पर्व की धूम शुरू हो गई थी। बहनें अपने भाइयों को तिलक ल गा क र उनकी लंबी आयु की कामना कर रही थीं और भाइयों की ओर से उन्हे उपहार भेंट किए जा रहे थे। परंपरा के अनुसार बहनों ने भाइयों को तिलक लगाने के बाद नारियल आदि भी दिए। इस पर्व पर शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति रहा जिसके माथे पर लाल रंग का तिलक न सजा हो। सबके माथे पर लगे टीके भाई दूज पर्व की महत्ता का अहसास करा रहे थे। परिवार के जहां बड़े सदस्यों ने इस पर्व की परंपरा को निभाया वहीं छोटे-छोटे बच्चों पर भी इस पर्व का रंग खूब देखा गया। बहन-भाई के अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक कर जहां उनकी लंबी आयु की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उनके प्रति अपने प्रेम को दर्शाया। भैयादूज पर्व के चलते गुरुवार को बाजारों, बस स्टैंड व आदि जगहों पर दिनभर लोगों की भारी भीड़ रही।

- धूमधाम से मनाया गया भाईदूज का पर्व
- भाइयों ने उपहार देकर जताई खुशी



## पेज 9 के शेष

### स्वच्छता दीदियां समाज...

है। उन्होंने दीदियों के उज्जवल भविष्य और स्वास्थ्य की कामना की। विधायक एवं अध्यक्ष द्वारा स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों को सभी समस्याओं के त्वरित निवारण का आश्वासन देते हुए हर परिस्थिति में साथ देने की बात भी कही गई ।

### दुर्गूकोंदल में अज्ञात...

गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने मेन रोड पुल के पास सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में मृतक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके सिर, चेहरे और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना गांव के ही अरुण मंडावी ने दिया था। सूचना मिलते ही शिकायतकर्ता अपने परिवार और ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि मृतक घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा था और पास में उसकी मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हालत में थी। परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए दुर्गूकोंदल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक भोजेन्द्र बघेल के निधन से गांव में शोक का माहौल है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि भोजेन्द्र मेहनती और मिलनसार स्वभाव का था। अचानक हुई इस घटना से परिवार और ग्रामीणजन गहरे सदमे में हैं।

### सहकारी समिति...

पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी तरह 25 फरवरी 2025 और 11 नवंबर 2024 के पत्रों में भी लंबित मांगों पर विचार करने की बात कही गई थी, जो आज तक लंबित हैं।

### वारी बस से...

सवार होकर अपने दोस्त संदीप नेताम , पंकज उसेन्डी के साथ सवार होकर मोहपुर से अपने घर खमढोडगी जा रहे थे। मोटर सायकल को वह चला रहा था कि करीबन शाम साढ़े 4 बजे मुक्तिधाम अन्नपूर्णा पारा कांकेर के पास पहुचे थे कि सामने की ओर से आ रही बस क्रमाक सीजी 09 एफ 7722 का चालक अपने वाहन को तेज एंव लापरवाही पूर्वक चलाकर हमारे मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे उसके होठ में , दाये हाथ , दोस्त संदीप नेताम को बांये भौव , पंकज उसेन्डी को दाहिने भौव में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

## सात जिले में 9 माह में 12 लाख लोगों की हुई मलेरिया जांच

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सातों जिलों के 9 माह में स्वास्थ्य विभाग ने 12 लाख 2 हजार 828 लोगों की मलेरिया जांच की, जिसमें 18 हजार 907 लोग पॉजिटिव मिले। पॉजिटिव लोगों में ज्यादातर बीजापुर जिले में 6507 लोग रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे मलेरिया मुक्त अभियान में ग्रामीण अंचल में मलेरिया से पीड़ति मरीजों की संख्या बढ़ी है। बताया जा रहा है कि दंतेवाड़ा जिले में 2664, कांकेर जिले में 615, बस्तर जिले में 2585, नारायणपुर जिले में 2707, कोंडागांव जिले में 1616 एवं सुकमा जिले में 2213 लोग पीड़ति मिले। स्वास्थ्य विभाग मलेरिया से पीड़ति इन मरीजों को बेहतर इलाज देने के साथ पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध कराने का दावा कर रहा है, मलेरिया जांच के लिए किट का भी दावा कर रहा है।

# शहरी व ग्रामीण इलाके में पुलिस की रेड, 2.23 लाख बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दीपावली में जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बस्तर पुलिस ने जिले के 8 थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 155 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से 2.23 लाख रूपए से अधिक नकद व ताश के बावन पत्ते जब्त किया है। जुआरियों के खिलाफ सर्वाधिक कार्रवाई बोधघाट पुलिस ने करते हुए 14 जगह छापा मारकर 42 जुआरियों को गिरफ्तार कर 1.17 लाख रूपए नकद बरामद किया है। एक साथ जिले के प्रमुख थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई से जुआरियों में हड़कम्प मचा हुआ है। एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध जुआ व सट्टा के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जिले के आठ थाना क्षेत्रों में यह कार्रवाई की गई है। निर्देश पर 15 अक्टूबर से 21 अक्टूबर के बीच चलाए गए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 155 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 47 प्रकरण दर्ज कर जुआरियों के कब्जे से 2 लाख 33 हजार 990 रूपए नकद व ताश के बावन पत्ते जब्त कर जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


समस्त देशवासियों, प्रदेशवासियों, क्षेत्रवासियों को
दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज एवं
देवउठनी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...
जननी सुरक्षा योजना अस्पताल में प्रसव करवाएं जच्चा-बच्चा सुरक्षित रहे।
परिवार नियोजन, छोटा परिवार सुखी परिवार
राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ लेवें।
छः जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण करावें।
मलैरिया से बचें अपने आसपास पानी जमा होने न दे.
मच्छरदानी का उपयोग करें।
बासी भोजन न करें पानी उबालकर पीएं।
जननी शिशु सुरक्षा योजना का लाभ उठाएं।
108
EMERGENCY
GVK EMRI
Government of Gujarat
102
संजीवनी एक्सप्रेस 102
महतारी एक्सप्रेस 102
सौजन्य : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गूकोंदल, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)


समस्त देशवासियों, प्रदेशवासियों, क्षेत्रवासियों को
दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज एवं
देवउठनी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...
जवाहर ठाकुर
अध्यक्ष
आदिम जाति सहकारी समिति कोड़ेकुर्से
संतु पाण्डेय (प्रबंधक), सोना राम निषाद (लेखापाल)
अशोक कुमार बोगा
सौजन्य : आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित
कोड़ेकुर्से, चिखली, लोहत्तर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर चालक पर दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत मर्ग क्रमांक 87/2025 के चश्मदीद गवाह मृतक के जीजा नयन मल्लिक एवं अन्य गवाह सुबीर शाहा के अनुसार मृतक प्रशंजीत मण्डल पिता उत्तम मण्डल निवासी पीव्ही 20 बैकुण्ठपुर ने अपने जीजा के घर ग्राम पीव्ही 22 लखनपुर आया था, उसके बाद मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 एआर 1699 में पीव्ही 24 रूपनगर जाने निकले थे। मोटर सायकल को मृतक चला रहा था और पीछे नयन मल्लिक बैठा था। सामने जा रही ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीवी 5471 के ट्राली में दस बारह नग बांस का बल्ली भरकर अमित मिस्त्री अपने घर ले जा रहा था। 7 और बांस का बल्ली ट्रेक्टर ट्राली से निकला हुआ था, जिसमें टकराने से ही एक्सीडेंट हुआ, जिसमें मृतक की मौत हुई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

### हल्बा पुलिस ने पाँच जुआरियों को दबोचा

**कांकेर।** चौकी हल्बा की टीम ने बीती रात को मुखबिर से जानकारी मिलने पर हटकाचारामा के तालाब के पास पहाडी के नीचे जंगल में मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेलने वाले जुआरी अमीर नेताम पिता स्व.अमर सिंह नेताम उम्र 31 वर्ष, राजू राम कुंजाम पिता देवचंद कुजाम उम्र 32 वर्ष, कंशराम शोरी पिता सुन्हेर शोरी उम्र 40 वर्ष, पुष्कर यादव पिता पुनित राम उम्र 35 वर्ष, कंशराम कुंजाम पिता स्व.कोदुराम उम्र 24 वर्ष सभी निवासी हटकाचारामा को जुआं खेलते हुए दबोचा। जुआरियों के पास से पुलिस ने 1205 रुपए जबत किया। आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर 3(2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का पाए जाने से विधिवत मौके पर गिरफ्तार किया गया।

### खुले में शराब पीने वाले पर पुलिस ने की कार्रवाई

**कांकेर।** नरहरपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि भट्टी चौक नरहरपुर के पास एक व्यक्ति बैठकर शराब का सेवन कर रहा है, जिससे आने जाने वाले लोगों को क्षोभ उत्पन्न हो रहा है। पुलिस ने शराब पीने वाले व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूछने पर अपना नाम कुश कुमार शोरी पिता स्व. मंशाराम शोरी उम्र 45 वर्ष निवासी उमरादाह पारधीपारा का होना बताया। जिसके पास एक खाली यूनिक देशी प्लेन मदिरा का पौवा, एक खाली डिस्पोजल गिलास, एक खाली स्प्राइट 250 एमएल की बाटल मिली। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट का पाए जाने से गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को देकर मामला जुर्म जमानतीय होने से एक सक्षम जमानतदार के पेश करने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

**स्पर्धा :** रंग-बिरंगी रोशनी और संगीत से गूंजा उमरादाह का आसमान

# राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता में रतनपुर की स्वरांजलि डांस ग्रुप विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरादाह/सरोना



गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर ग्राम पंडरीपानी उमरादाह में इस वर्ष भी भव्य उत्सव का नजारा देखने को मिला। युवा संगठन एवं कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता में प्रदेश के कोने-कोने से प्रतिभाशाली कलाकारों ने अपनी कला का मनमोहक प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। सामूहिक नृत्य वर्ग में स्वरांजलि डांस ग्रुप रतनपुर का जलवा बिखेरकर पुरूस्कार अपने नाम कर लिया। ग्रामीण अंचल के इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि कला और संस्कृति केवल शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि गांवों की मिट्टी में भी अपार प्रतिभा छिपी हुई है। मंच पर झिलमिलाती रोशनी, आधुनिक संगीत और पारंपरिक झलक का सुंदर संगम देखने को मिला। सामूहिक नृत्य वर्ग में जब स्वरांजलि डांस ग्रुप रतनपुर ने मंच संभाला, तो दर्शकों की तालियों से पूरा पंडाल गूंज उठा। उनके ऊर्जावान प्रदर्शन ने निर्णायकों को भी प्रभावित किया, और उन्हें प्रथम स्थान तथा 12,000 रुपए की नकद राशि से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पुरवाईया डांस ग्रुप को मिला जिन्हें 8,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। न्यू किरण डांस ग्रुप तर्रागोंदी (धमतरी) ने तृतीय स्थान पाकर 5,000 रुपए का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। एलडीएस डांस ग्रुप रायपुर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त कर 3,000 रुपए का नकद पुरस्कार और जय गढिया बाबा डांस ग्रुप भोथापारा माडुमसिल्ली ने पंचम स्थान पाकर 2,000 रुपए का नकद पुरस्कार जीता।

#### युगल नृत्य वर्ग में चिंकी-मिंकी डांस ग्रुप रायपुर रहा अव्वल

युगल नृत्य वर्ग में चिंकी-मिंकी डांस ग्रुप रायपुर ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से प्रथम स्थान प्राप्त किया और 5,000 रुपए की राशि जीती। द्वितीय स्थान भवानी-चांदनी डांस ग्रुप हरवेल (कोंडागांव) को मिला जिन्हें 4,000 रुपए, चुरकी-मुरकी डांस ग्रुप पिथौरा (महासमुंद) ने तृतीय स्थान पाकर 3,000 रुपए और साधना डांस ग्रुप उरैया को चतुर्थ स्थान के साथ 2,000 रुपए का इनाम मिला।

#### एकल नृत्य में दमकसा की नम्रता ने मचाई धूम

एकल नृत्य वर्ग में नम्रता गोटी दमकसा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया और प्रथम स्थान प्राप्त कर 3,000 रुपए की राशि जीती। द्वितीय स्थान गनिता विश्वकर्मा को मिला जिन्हें 2,000 रुपए प्रदान किए गए। पिंकी ध्रुव को तृतीय स्थान के लिए 1,000 रुपए और छाया विश्वकर्मा बुदेली, लखनपुरी को चतुर्थ स्थान के लिए 750 रुपए का ईनाम जीता।

#### ये रहे अतिथि

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के जिला पंचायत सदस्य संजना वट्टी, अध्यक्षता सरपंच बनसागर संदीप कुंजाम और विशिष्ट अतिथियों में कांति पटेल, शिल्पा साहू, रत्ती राम कोडोपी, प्रेमा नागवंशी, खम्मन कांगे, संजय जुर्री, कन्हैया उयके, मनेश्वर जुर्री, विष्णु कुंजाम, राजकुमार नेताम, रामकरण चक्रधारी, रामसेवक उयके, दशरथ शोरी, माखन चक्रधारी, महेश्वर नागवंशी एवं संतोष चक्रधारी शामिल रहे।

#### निर्णायक मंडल और आयोजन समिति का सराहनीय योगदान

निर्णायक मंडल में राकेश कोमरा और लोकेश कुंजाम ने अपनी निष्पक्ष निर्णायक भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा संगठन के नंदकुमार, प्रवीण उयके, मंडावी, विश्वप्रताप जुर्री, किरण मंडावी, दिव्या उयके, चंद्रिका मंडावी, रेश्मी कुंजाम, साहिल कुंजाम, पावश्कर उयके, लालेश्वर कुंजाम, इंद्रभान, संजीव, और दिवाकर का विशेष योगदान रहा।

### भाईदूज : भाई-बहन के प्यार का पर्व रिश्तों की डोर और मिठास की बहार



**दुर्गूकोंदल।** दीपावली के पांच दिनों तक चलने वाले उत्सव की समाप्ति भाईदूज के साथ हुई। यह त्योहार भाई-बहन के अनूठे रिश्ते को समर्पित है, जिसे यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता है। इस बार भाईदूज का पर्व 23 अक्टूबर,गुरुवार को मनाया गया। दुर्गुकोंदल समेत पूरे देश में इस त्योहार की धूम देखने को मिली। सुबह से ही बाजारों में चहल-पहल शुरू हो गई थी। बहनें अपने भाइयों के लिए मिठाई, फल और उपहार खरीदती नजर आईं। वहीं भाई बहनों को देने के लिए तोहफों की तलाश में बाजारों में घूम रहे थे। घर-घर में पारंपरिक व्यंजनों की सुगंध फैली हुई थी। त्योहार की मुख्य रस्म दोपहर बाद शुरू हुई। बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने बहनों को उपहार और आशीर्वाद देकर उनकी रक्षा का वचन दोहराया। समय के साथ आधुनिकता का प्रभाव इस पर्व में भी दिखाई दिया जैसे आज के दौर में जहां परिवार अक्सर दूर-दूर रह जाते हैं, वहां भाईदूज का महत्व और भी बढ़ जाता है। कई लोगों ने वीडियो कॉल के जरिए भी इस रिश्ते की मिठास को सेलिब्रेट किया। दूर रह रही बहनों ने ऑनलाइन तोहफे भेजे और डिजिटल तरीके से तिलक की रस्म अदा की।

## दीप मिलन समारोह में प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बुधवार की संध्या को दीपमिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया और विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। समारोह की शुरुआत पारंपरिक अतिथियों के द्वारा किए गए दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, गमछा एवं सम्मान बैच लगाकर किया गया। आयोजकों ने सभी उपस्थित सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। समाज में एकता, सहयोग तथा सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने का संदेश दिया। प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने अपने उद्बोधन में संगठन की भूमिका, व्यापारिक एकजुटता, सामाजिक जिम्मेदारी और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सामंजस्य और सकारात्मकता को बढ़ावा देते हैं। समारोह के विशेष आकर्षण के रूप में गांव के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें समाज की प्रेरणा बताया। रात्रिकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर चला, जिसमें स्थानीय युवाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। डीजे की धुनों पर देर रात तक सभी झूमते रहे और पूरे कार्यक्रम स्थल का माहौल उल्लास, संगीत और दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। अंत में आयोजक मंडल ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के सामूहिक एवं सामाजिक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में विशेष रुप से कर्मचारी व्यापारी प्रकोष्ठ के सरंक्षक हरलाल नेताम, कोषाध्यक्ष बृजलाल ध्रुव, उपाधयक्ष चन्द्रभान साहू, सचिव शोभराम यादव सहसचिव लिकेश भास्कर, तुलेश्वर साहू पवन पटेल आनंद राम नेताम प्रकाश नेताम राजू मरकाम मनोज कश्यप, पुरषोत्तम साहू सहित ब्यापारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के सदस्यगण एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पूज्य सिंधी पंचायत की कार्यकारिणी का हुआ गठन, राकेश बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





- कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश एवं दीपक बने सचिव
- नई टीम संभालेगी जिम्मेदारी

पूज्य सिंधी पंचायत कांकेर के अध्यक्ष राकेश आहूजा ने 22 अक्टूबर को सचिव सहित पूरी कार्यकारिणी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के अलावा भी समाज का हर बड़ा एवं छोटा सदस्य परिवार के समान है। हम सब को सिंध समाज कांकेर के लिए काम करना है, जो आप सब के सेवा साथ एवं सहयोग से ही मुमकिन है।

पूज्य सिंधी पंचायत कांकेर के अध्यक्ष राकेश आहूजा ने नई टीम की घोषणा करते हुए मीडिया को जानकारी दी। कार्यकारिणी में संरक्षक नारायणदास केवलरमानी, डॉ. एलसी लालवानी, अशोक वलेचा, मार्गदर्शक मंडल प्रमुख सलाहकार सतराम दास पंजाबी, धर्मदास सबनानी, मेघराज मंगलानी, मनोहर मंगलानी, दिलीप खटवानी, ध्यानचंद केवलरमानी, विशनदास असरानी, राजकुमार फब्यानी के अलावा सचिव दीपक खटवानी, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश खटवानी, उपाध्यक्ष राधाकृष्ण मोटवानी, शंकर आहूजा, मुरली लालवानी, सहसचिव गुलाब गोलानी और नितिन मोटवानी, कोषाध्यक्ष जगदीश खटवानी, सह कोषाअध्यक्ष मनोहर आहूजा, मीडिया प्रभारी दीपक पंजवानी, धर्मशाला बुकिंग भवन प्रभारी राकेश मोटवानी, अजय मंगलानी, अनिल मोटवानी होंगे।

कार्यकारिणी सदस्य में राजकुमार पंजाबी, ओमप्रकाश गिडलानी, कमल लालवानी, कन्हैया बुधवानी, प्रेम मोटवानी, महेश मोटवानी, अशोक बजाज, जगदीश जशनानी, सुनील भाषवानी, अशोक बुधवानी, नानक आहूजा, राजेश जैसवानी, विजय खटवानी, रूप मंगलानी, राजकुमार बजाज, विजय लखवानी, अनिल हिरदानी, प्रकाश नैनानी, किशोर असरानी, अनिल लोहानी, लक्की वत्यानी, प्रेम फब्यानी, पंकज आहूजा, अनूप मोटवानी, नीरज सबनानी, पंकज ठाकुर को शामिल किया गया। राजस्व प्रभारी का दायित्व पंकज आहूजा, राकेश मोटवानी, सुनील लच्छानी, रमेश नागवानी, अमित अंदानी, अजय मंगलानी और शव वाहन प्रभारी सुरेश मिनी आहूजा का दिया गया।

## गौरी गौरा महोत्सव में सनातन संस्कृति और पारंपरिक आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर





- पांच दिवसीय आयोजन में विविध कार्यक्रम हुए

नगर में गौरी गौरा महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में पाँच दिवसीय भव्य गौरीगौरा महोत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।

समिति के अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि हमारी सनातन संस्कृति के कई पारंपरिक उत्सव अब विलुप्तावस्था की ओर बढ़ रहे हैं। इन्हें संरक्षित और संजोने के उद्देश्य से भानुप्रतापपुर में यह आयोजन प्रारंभ किया गया, जो आज नगर की पहचान बन चुका है। यह आयोजन छोटी दिवाली धनतेरस से प्रारंभ होकर अन्नकूट गोवर्धन पूजा तक पाँच दिनों तक चलता है। पहले दिन गौरा-गौरी जागरण और दूसरे दिन लक्ष्मी पूजन के पश्चात भगवान गौरा (शंकर) और गौरी (पार्वती) की भव्य बारात एवं कलश परघौनी शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सुमधुर वाद्ययंत्रों की ध्वनि से नगर गूंज उठा। चौथे दिन महाभंडारा, देव-देवी जागरण तथा भगवान गौरा-गौरी विवाह उत्सव का आयोजन हुआ। इसमें देवी-देवताओं की झांकी और लोकनृत्य ने समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पाँचवें दिन प्रातः गंगा स्नान विसर्जन यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। रात्रि के देवी-खेल में श्रद्धालु देवी शक्तियों से आशीर्वाद स्वरूप पारंपरिक सोंटा भी ग्रहण करते हैं। यह आयोजन नगरवासियों के लिए अलौकिक और मनमोहक अनुभव लेकर आया, जिसमें समस्त दिव्य शक्तियाँ विराजमान होकर आयोजन की शोभा बढ़ा रही थीं।

#### इनका रहा योगदान

आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, युवा अध्यक्ष शिव गंधर्व, दिलीप यादव, विवेक बघेल, जीआर मर्सकोले, राजकुमार यादव, माता पार्वती यादव, वृंदा मालेकर, देवला गंधर्व, लीलावती बघेल, अनीता शर्मा, सुरजा यादव, लिखेश्वरी यादव, सविता यादव, चिंटू, राहुल शर्मा, अजय शर्मा, चन्द्रमोली मिश्रा, सुरेश साहू, प्रेमलाल साहू, अनुज तिवारी, रमाकांत चंद्रोल, उमाशंकर चंद्रोल, लक्ष्मी नारायण बाग, राकेश देवांगन, अंकित देवांगन, संतिला तरम, अनसूया विश्वकर्मा, रतन करीयाम, देवा वर्मा, बंटा यादव, रामा यादव, उषा मानिकपुरी, रामप्यारी शर्मा, जुगल शर्मा, निशांत ठाकुर, संजय साहू,दीपक, बिट्टू, राहुल यादव, अंशु यादव, सागर, यश, तन्नू, छाया, प्रीति, अमीषा, मिनेश, भूमिका, सुरेखा, अमरीका यादव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी, महिला मंडल और युवा वर्ग ने भूमिका निभाई।



### भानुप्रतापपुर में गोवर्धन पूजा धूमधाम से की गई

**भानुप्रतापपुर।** नगर में बुधवार को गोवर्धन पूजा याने गोपाष्टमी पर्व उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यादव समाज द्वारा भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत यादव भवन से हुई, जहां राऊत नाचा की पारंपरिक धुनों पर नर्तक-नर्तकियां थिरकते हुए आगे बढ़े। रैली कृष्ण कुंज पहुंची, जहां भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके पश्चात रैली बाजारपारा होते हुए खेड़काडाढ़ पहुंची। शाहडादेव की पूजा-पाठ कर गऊ माता को खिचड़ी खिलाई गई तथा पारंपरिक रूप से गोवर्धन खुदाया गया। बाद में रैली मुख्य चौक पहुंची, जहां यादव समाज के सदस्यों द्वारा आमजन को खिचड़ी और हलवा का प्रसाद वितरित किया गया।

## डेढ़ लाख में से 13 हजार वाहनों में ही लग पाया एचएसआरपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




परिवहन विभाग की ओर से संभागीय मुख्यालय में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए काउंटर लगाया गया है। अब ब्लॉक मुख्यालयों में समय-समय पर भी इसके लिए एचएसआरपी का शिविर लगाए जा रहे हैं। हॉलांकि बस्तर जिले में डेढ़ लाख वाहनों पर एचएसआरपी लगेंगे, इसमें से अब तक लगभग 13 हजार वाहनों में यह प्लेट लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर एचएसआरपी के लिए विभिन्न सड़कों में आरटीओ के नेतृत्व की टीम वाहनों की जांच कर रहे हैं, जिससे पुराने वाहनों पर यह प्लेट लग सके। साथ ही एचएसआरपी के लिए शहर सहित ग्रामीणों में जागरूक किया जा रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**ड्रोन तकनीक के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा**

# एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत किसान गोष्ठी का आयोजन, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




ग्राम पंचायत रानिडोंगरी में कृषि विभाग एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना अंतर्गत रबी किसान संगोष्ठी कार्यक्रम

- कार्यशाला में बताई गई रबी फसल की कार्ययोजना

का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी के छायाचित्र पर सरपंच शशि उइके द्वारा दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

उपसंचालक कृषि जितेंद्र सिंह कोमरा ने कृषि में ड्रोन तकनीक के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उपसंचालक ने कहा आधुनिक खेती के युग में ड्रोन तकनीक से खेती लाभदायक है।


किसानो को संबोधित करते हुए कहा खेती में ड्रोन तकनीक आज के समय की मांग है। किसान फसलो में तरल जैव उर्वरक नैनो यूरिया नैनो डीएपी एवं फसलो में लगने वाले किट बीमारी नींदानाशक रसायनों का छिड़काव के लिए ड्रोन से स्प्रेयर भविष्य की खेती के लिए अच्छा विकल्प साबित होने की जानकारी दी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भानुप्रतापपुर महात्मा तेरता ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वस्थ एवं मृदा परीक्षण एवं विभागीय जानकारी पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भानबेड़ा कुलदीप साहू ने कार्यशाला में रबी फसल कार्ययोजना, बीज उत्पादन कार्यक्रम, शैलो नलकूप खनन, लैम्पसों में बीज उर्वरक भंडारण वितरण एवं डी एपी के स्थान पर 20:20:0:13, 12:32:16 उपयोग पर जानकारी दी गई 1 राकेश कुमार शोरी संबलपुर द्वारा रबी फसलों की उन्नत तकनीकों, नई किस्मों, जैविक खेती, रबी मौसम के प्रमुख फसलों की आधुनिक तकनीक पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ग्राम रानीडोंगरी के किसानों ने इस नवाचारपूर्ण तकनीक में विशेष रुचि दिखाई और सक्रिय रूप से प्रशिक्षण और ड्रोन से दवा छिड़काव प्रदर्शन में भाग लिया। किसानों ने कहा कि ड्रोन तकनीक से खेती के कार्य अधिक आसान और समयबद्ध होंगे।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कुमार कवाची, अमित कुमार चौधरी, किरण कुमार भंडारी, धनंजय प्रसाद साहू, राधेलाल देवांगन ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, अमृता ध्रुव असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर भानुप्रतापपुर के साथ कुल्हाड़कट्टा, चिचगांव के कृषक उपस्थित हुए।

#### इन्होंने दी जानकारी

पशु चिकित्सा अधिकारी भानुप्रतापपुर डॉ. प्रणव दीवान द्वारा केंद्र प्रवर्तित योजनाएं, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान पर, ग्रामीण उद्यानिकी विस्तार अधिकारी संतोषी बघेल द्वारा समेकित उद्यानिकी विकास योजना, ऑयल पाम की लाभकारी खेती, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, टपक सिंचाई योजना, एवं विभाग में संचालित योजना की, मत्स्य अधिकारी ओमप्रकाश सेवता द्वारा मछली पालन एवं केसीसी के बारे में, प्रधानमंत्री फसल बीमा के डिस्ट्रिक मैनेजर अशोक कुमार साहू के द्वारा फसल बीमा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411